विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री राम सूरत राजभर, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-06 का उत्तर

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 6 (क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि आमीन आयुक्त प्रथम जनपद न्यायालय, लखनऊ द्वारा दिनांक 01 मार्च, 2024,12 नवम्बर, 2024, 11 दिसम्बर,2024 एवं दिनांक 10 जनवरी, 2025 को ग्राम- बेंती, परगना-बिजनौर, तहसील- सरोजिनी नगर, जनपद- लखनऊ ने तहसीलदार सरोजिनी नगर को खसरा संख्या 1314 एवं 1315 का सीमांकन करने के आदेश पारित किये गये थे? | जी हां। |
| (ख) यदि हाँ, तो उपरोक्त आदेशों के अनुपालन में सम्बन्धित तहसीलदार एवं लेखपाल किन परिस्थितियों में सीमांकन हेतु उपरोक्त तिथियों में उपस्थित नहीं हुये? | उक्त अंकित सभी तिथियों में लेखपाल/राजस्व कर्मी स्थल पर सीमांकन हेतु मय अभिलेख उपस्थित रहे, परन्तु दिनांक 11-12-2024 को केवल एक बार ही अमीन आयुक्त न्यायालय, लखनऊ मौके पर उपस्थित हुये, जिसमें कार्य पूर्ण हुये बिना ही अमीन आयुक्त न्यायालय मौके से वापस चले गये। दिनांक 10-01-2025 को मौके पर राजस्व टीम उपस्थित रही एवं लगातार दूरभाष पर वादी-प्रतिवादी, आयुक्त अमीन से सम्पर्क स्थापित किया गया किन्तु कोई भी पक्ष मौके पर उपस्थित नहीं हुये। |
| (ग) क्या लगातार उपरोक्त तिथियों में उपस्थित न होने के सम्बन्ध में सम्बन्धित तहसीलदार एवं लेखपाल के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करायेंगे? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (घ) यदि हाँ, तो क्या ग्राम- बेंती, परगना बिजनौर, तहसील सरोजिनी नगर, जनपद- लखनऊ खसरा संख्या-1314 एवं 1315 का सीमांकन कराकर | न्यायालय सिविल जज (जू0डि0) नार्थ, लखनऊ में योजित वाद सं0 1502/2021 प्रीती अग्रवाल बनाम प्रीतम सिंह में न्यायालय कमीशन हेतु अमीन आयुक्त की नियुक्ति की गयी है जिसमें अमीन आयुक्त द्वारा |

| | |
|---|---|
| सदन को अवगत करायेंगे? | प्रश्नगत गाटा संख्याओं की कमीशन/सीमांकन रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत की जानी है। अमीन आयुक्त द्वारा अगली तिथि नियत करने पर नियत दिनांक को अमीन आयुक्त के साथ कमीशन/सीमांकन में सहयोग हेतु क्षेत्रीय लेखपाल/ राजस्व टीम मौके पर उपस्थित रहेंगे। |
| (ङ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**